**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 23.02.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. राष्ट्रपति भवन में राजाजी उत्सव का शुभारंभ हुआ। कमजोर वर्गों के हितैशी प्रथम भारतीय गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी को श्रद्धाजंलि दी गई।
2. केन्द्रीय मंत्री सर्बानन्द सोनोवाल ने तमिलनाडु के तूतीकोरिन में ग्यारह सौ करोड़ रुपये की बंदरगाह परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।
3. समाज कल्याण निदेशालय की पहल पर महिला और बाल सुरक्षा को स्शक्त बनाने के लिए हेल्पलाइन सेवाओं का विस्तार किया गया।
4. प्रशासनिक कारणों से एम.वी कालीघाट के समय में संशोधन किया गया है।

<><><><><><><>

पहले भारतीय गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी के जीवन और विरासत का प्रदर्शन राजाजी उत्सव नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में आज आरम्भ हो गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में चक्रवर्ती राजगोपालाचारी की प्रतिमा का अनावरण किया। चक्रवर्ती राजगोपालाचारी की प्रतिमा अशोक मंडप के पास खुली सीढ़ी पर एडविन लुटियंस की प्रतिमा के स्थान पर स्थापित की गई है। राष्ट्रपति ने कहा कि देश की जनता राजगोपालाचारी के जीवन और विरासत से प्रेरणा लेकर राष्ट्रप्रथम की भावना के साथ आगे बढ़ेगी। भारत माता के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले परमवीर चक्र विजेताओं के चित्रों, प्राचीन पांडुलिपियों से समृद्ध ग्रंथकुटीर की स्थापना राष्ट्रपति भवन में की गई। इस अवसर पर केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश को पढ़ा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि राजाजी ने 1950 के दशक में व्यवसायिक और कौशल आधारित शिक्षा प्रणाली को तमिलनाडु में लागू किया था।

<><><><><><><>

केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने तमिलनाडु के तूतीकोरिन में आज लगभग एक हजार सौ करोड़ रुपये की विभिन्न बंदरगाह परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें वीओसी समुद्री विरासत संग्रहालय, 8 मेगावाट पवन ऊर्जा संयंत्र और 5 मेगावाट बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली का शिलान्यास तथा बंदरगाह पर कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी परियोजनाओं का शुभारंभ शामिल है। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि तमिल संस्कृति का प्राचीन इतिहास, राष्ट्रीय आकांक्षाओं को प्रेरित करता है। देश का यह हिस्सा सदियों से राष्ट्रवादी दृष्टिकोण के साथ प्राचीन समुद्री परंपरा को संजोए हुए है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और इजरायल के बीच गहरी और स्थायी मित्रता को रेखांकित करते हुए कहा कि दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध विश्वास, नवाचार और शांति एवं प्रगति के साझा संकल्प पर आधारित हैं। श्री मोदी ने गर्मजोशी भरी भावनाओं के लिए आभार व्यक्त किया और भारत– इजरायल संबंधों की सुदृढ़ता तथा बहुआयामी प्रकृति पर पूर्ण सहमति जताई। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, इजरायल के साथ अपनी साझेदारी को बहुत महत्व देता है, जो विश्वास, नवाचार और शांति एवं प्रगति के साझा संकल्प पर आधारित है। उन्होंने अपने आगामी इजरायल दौरे के दौरान सार्थक बातचीत की उम्मीद जताई।

<><><><><><><>

शैक्षणिक वर्ष 2025–26 के लिए एम डी/एम एस पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए 25 फरवरी को काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। यह काउंसलिंग कॉर्बिन्स कोव स्थित एनिम्स के न्यू कैंपस, में सुबह 9 बजे से आयोजित होगी। अभ्यर्थी भारत का नागरिक हो तथा एम बी बी एस पाठ्यक्रम पूर्ण करने के साथ अनिवार्य रोटेटरी मेडिकल इंटर्नशिप पूरी कर चुका हो। साथ ही अभ्यर्थी को एन ई ई टी/ पी जी–2025 उत्तीर्ण होना आवश्यक है। अधिक

जानकारी के लिए अभ्यर्थी संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट देख सकते है। अभ्यर्थियों को मूल प्रमाण–पत्रों एवं स्व–सत्यापित प्रतियों के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है।

<><><><><><><>

सामाज कल्याण निदेशालय द्वारा महिलाओं एवं बच्चों की सहायता के लिए हेल्पलाइन सेवाएं शुरू की है। किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न, शोषण या आपात स्थिति में महिलाएं 181 तथा बच्चे 1098 हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते है। वीआईपी रोड स्थित महिला एवं बाल विकास नियंत्रण कक्ष में ये दोनों हेल्पलाइन चौबीसों घंटे आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र के रूप में कार्यरत हैं। महिला हेल्पलाइन–181 और चाइल्ड हेल्पलाइन–1098 पर प्राप्त कॉल्स के माध्यम से संकटग्रस्त महिलाओं और बच्चों को त्वरित सहायता, संरक्षण और मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। हेल्पलाइन सेवाएं जरूरतमंदों को पुलिस, वन स्टॉप सेंटर, अस्पताल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सहित अन्य संबंधित विभागों से जोड़ती हैं। यह पहल महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा तथा अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

<><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों से 26 फरवरी को ननकौरी जाने वाले जहाज ए.वी कालीघाट के प्रस्थान समय में परिवर्तन किया गया है। अब यह जहाज सुबह 7 बजे के स्थान पर सुबह साढ़े छ बजे हैडो जेट्टी से रवाना हो जाएगा।

वहीं, जहाजरानी सेवा निदेशालय ने फरवरी एवं मार्च के लिए बैरन द्वीप के लिए विशेष राउंड क्रूज यात्राओं की घोषणा की है। यह विशेष क्रूज दक्षिण एशिया के एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी को निकट से देखने का अवसर प्रदान करेगा। जहाज 'नालंदा' निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 27 फरवरी, 13 मार्च तथा 27 मार्च को रात्रि 9 बजे यात्रा के लिए निकलेगा। यात्री जहाजरानी सेवा निदेशालय के ई–टिकटिंग पोर्टल के माध्यम से अपनी सीट आरक्षित कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस की पुलिस मनोरंजन दल और ब्रास बैंड ने श्री विजयपुरम में आयोजित अंडमान निकोबार पुस्तक मेला–2026 में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए सामाजिक जागरूकता और देशभक्ति का संदेश फैलाया। यह पुस्तक मेला 14 से 22 फरवरी तक ITF ग्राउंड में आयोजित किया गया था और इसे अंडमान निकोबार प्रशासन के कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान PET और ब्रास बैंड ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, नाट्य मंचन और लाइव संगीत के माध्यम से नागरिकों को महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक किया। इनमें सड़क सुरक्षा, मादक द्रव्य और शराब के दुरुपयोग, साइबर अपराध जैसे विषय शामिल थे। पुलिस ने उत्तरदायी ड्राइविंग, यातायात नियमों का पालन, और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम पर जोर दिया। साथ ही मादक पदार्थों के स्वास्थ्य, सामाजिक और कानूनी दुष्परिणामों के प्रति भी जनता को सचेत किया गया। साइबर सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए उपस्थित लोगों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, डिजिटल ठगी, पहचान की चोरी और सुरक्षित सोशल मीडिया उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। इस पहल ने छात्रों, परिवारों और अन्य आगंतुकों से उत्साही प्रतिक्रिया प्राप्त की। अंडमान एवं निकोबार पुलिस की यह पहल समुदाय के साथ संवाद, जागरूकता और राष्ट्र निर्माण में रचनात्मक योगदान का उदाहरण प्रस्तुत करती है।

<><><><><><><>

रामाश्रम सत्संग (मथुरा) द्वारा श्री विजयपुरम स्थित नगरी इन में 26 फरवरी से 1 मार्च तक चार दिवसीय आध्यात्मिक समारोह एवं ध्यान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रतिदिन दो सत्रों में आयोजित होगा। प्रातःकालीन सत्र सुबह 6 बजे से 11 बजे तक तथा सांध्यकालीन सत्र शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक चलेगा। इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में प्रख्यात वक्ताओं के प्रवचन, मार्गदर्शित ध्यान सत्र तथा संवादात्मक कार्यक्रम शामिल होंगे, जिनका उद्देश्य लोगों को आंतरिक शांति, आत्मचिंतन और सकारात्मक जीवन मूल्यों की ओर

प्रेरित करना है। यह कार्यक्रम क्षेत्र में आध्यात्मिक जागरूकता, सौहार्द और मानसिक शांति को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगा।

**<><><><><><><>**